2016

M.A. 2nd Semester

HINDI

PAPER—HIN-201

Full Marks : 40

Time : 2 Hours

The figures in the right hand margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं दो की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 8×2

क) ''श्रेय नहीं कुछ मेरा:
मैं तो डूब गया था स्वयं शून्य में –
वीणा के माध्यम से अपने को मैंने
सब कुछ को सौंप दिया था ।

(Turn Over)

सुना आपने जो वह मेरा नहीं,
न वीणा का था :
वह तो सब कुछ की तथता थी''

ख) हो सकता है कल जब कि अंधेरे में दिखे
मेरा कवि बंधु मुझे
वह न मुझे पहचाने, मैं न उसे पहचानूँ
हो सकता है कि यही मेरा योगदान हो कि
भाषा का मेरा फल जो चाहे मेरी हथेली से
खुशी से चुग ले
अन्याय तो भी खाता रहे मेरे प्यारे देश की देह

ग) जब करूँगा प्रेम
पिघल उठेंगे
युगों के भूधर
उफन उठेंगे सात सागर
किन्तु मैं हूँ मौन आज
कहाँ सजे मैंने साज अभी

घ) शहर के उस ओर खंडहर की तरफ़
परित्यक्त सूनी बावड़ी के भीतरी
ठंडे अंधेरे में
बसी गहराइयाँ जल की....
सीढ़िया डूबी अनेकों
उस पुराने घिरे पानी में
समझ में आ न सकता हो
कि जैसे बात का आधार
लेकिन बात गहरी हो ।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :— 12×2

क) 'अज्ञेय आधुनिक बोध के कवि हैं' तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

ख) नागार्जुन के काव्य में व्यक्त राजनीतिक चेतना पर प्रकाश डालिए ।

ग) शमशेर बहादुर सिंह की काव्यगत विशेषताओं पर चर्चा कीजिए ।

घ) 'ब्रह्मराक्षस' की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए ।

ङ) धूमिल की काव्यभाषा पर प्रकाश डालिए ।

—o—